महत्वपूर्ण एवं खास

पिता को ड्यूटी छोड़कर वापस जा रहे बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत

रायगढ़। लोकतंत्र के महापर्व में ड्यूटी पर लगाए गए पिता को यह यकीन भी नहीं था जो बेटा कुछ समय पहले उसे चुनाव की ड्यूटी के लिए रायगढ़ पहुंचाकर वापस घर लौट रहा बेटे की मौत हो गई. सोमवार सुबह 18 साल का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। घटना पुसौर के तड़ौला गांव के पास घटित हुई. बताया गया कि बरमकेला थाना के डभरा गांव निवासी लोकनाथ सेंद्रा की चुनावी डयुटी रायगढ़ टीनमिनी में मतदान केंद्र 218 में लगी थी. चूंकि सुबह छह बजे तक सभी को रिपोर्टिंग करनी थी. ऐसे में आधी रात को ही वह अपने 18 वर्षीय बेटे प्रकाश सेंद्रा के साथ बाईक से रायगढ़ पहुंच गए. पेशे से शिक्षक पिता को रायगढ़ पहुंचाने के बाद प्रकाश सेंद्रा वापस लौटने लगा. लेकिन इसी दौरान नींद लगने के कारण पुसौर के तड़ौला गांव के पास सड़क किनारे खड़ी सीमेंट की बोरियों से भरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. इस घटना के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसके बाद उसे 108 से रायगढ़ अस्पताल लाया गया. जहां उसकी मौत हो गई।

काम दिलाने के बहाने नाबालिक को दिल्ली में बेचा जीजा ने

रायगढ़। काम दिलाने का बहाना बनाकर एक नाबालिक युवती को उसके सगे जीजा ने नई दिल्ली में जिस्म के दलालों को बेच दिया. जहां एक साल तक शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेलने के बाद वह युवती भागकर रविवार देर रात गोंडवाना एक्सप्रेस से रायगढ़ पहुंची. इस दौरान जीआरपी पहुंची युवती ने जो आपबीती सुनाई, वह मानव तस्करों के फलते फूलते धंधे की स्पष्ट तस्वीर बयां करती है। घटना लगभग एक साल पहले की है. जब मानव तस्करी के लिए क्षेत्र के सबसे अधिक संवेदनशील मानी जानेवाली रायगढ़ और जशपुर की सीमा से सटे बागबहार थाना के एक गाँव से 16 साल की नाबालिक बच्ची रीता (काल्पनिक नाम) को उसके जीजा तोलमा निवासी घसनु एक्का अपने महिला सहयोगी सुकनी एक्का एवं जगतु एक्का निवासी सोना जोरी के सांथ मिलकर युवती को नई दिल्ली में काम दिलवाने का भरोसा दिया।

चुनाव प्रचार के दौरान भिड़े कार्यकर्ता

रायगढ़। सारंगढ़ में प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच जमकर विवाद हुवा है जिसकी वीडियो सोसल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। दरअसल रविवार को 3सरे चरण के मतदान के आखरी दिन राजनीतिक दलों के प्रचार की आपाधापी मची हुई थी। सारंगढ़ में भी इस दौरान शहर से लेकर गांव तक कांग्रेस भाजपा के प्रचार का दौर चल रहा था।

इसी दौरान सारंगढ़ विधायक के नेतृत्व में रैली चल रही थी इसी दौरान एक ऐसा समय आया जब एक ही सड़क पर कांग्रेस और भाजपा की रैली गुजर रही थी दोनो दलों में से एक दल दूसरे दल की रैली को ओवर टेक कर आगे जाना चाहता था। बस फिर क्या था एक कांग्रेसी नेता ने आव देखा न ताव भाजपा नेता पर आगे बढ़ने के विवाद पर पिल पड़ा।

मामले को बढ़ने से रोकने के लिए यूँ तो कई नेता लगे रहे लेकिन विवाद तो होना था सो हो गया। अपने ज्यादा अति उत्साह में आ कर विवाद न हो के कवायद पर आखिर कार पानी फेर दिया और बताया जा रहा है कि कांग्रेसी नेता के द्वारा भाजपा के पार्षद की धुनाई भी कर दी।

बताया जा रहा है मौके की नजाकत को देखते कांग्रेस के बड़े नेता वहां से खिसक लेना ही मुनासिब समझा वही दूसरी ओर नगर के कुछ दिग्गज भाजाप नेताओ के हस्तक्षेप से मामले को शांत कराया गया।

इधर सोसल मीडिया में फिर लगी आग

रायगढ़। मतदान में महज़ कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं,लेकिन सोशल मीडिया में राजनीतिक दलों की आपत्तिजनक बयानबाजी अब भी जारी है।

कुछ दिन पहले कांग्रेस को आतंकवादी संगठन कहने वाले एक युवक की शिकायत युवा कांग्रेस ने थाने में दर्ज़ कराई थी,इधर मतदान के ठीक पहले फिर एक युवक ने गांधी परिवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस बार युवा कांग्रेस के जिला सचिव महेंद्र यादव ने दिलराज सिंह के ख़िलाफ़ कोतवाली थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

बता दें कि दिलराज सिंह पर युवा कांग्रेस के जिला सचिव ने सोशल मीडिया पर गांधी परिवार पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है,बताया जा रहा है कि

लेकिन इसका एक वीडियो सोसल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है जिसमे एक दूसरे पर पिल पड़ने और धुनाई की तस्वीर साफ दिख रही है। खास बात ये है कि इस मामले में दिलराज सिंह भाजपा के एक गुट विशेष से जुड़े हुए हैं,और एक सामाजिक संगठन भी चलाते हैं,कथिततौर पर ये संगठन महिलाओं के उत्थान के लिए काम करता है।दिलराज सिंह उस समय पहली दफ़ा सुर्खियों में आये थे,जब उन्होंने पिछले साल एक युवती के मोबाईल में अश्लील वीडियो भेज दिया था,जिसके बाद युवती की शिकायत पर दिलराज सिंह को कुछ दिनों के लिए जेल तक जाना पड़ा था।

इधर इस मामले को लेकर टीआई ध्रुव मार्कण्डेय ने मीडिया से कहा कि शिकायत की जांच की जाएगी, चूंकि मामला सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी जांच साइबर सेल करेगी,जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे,उस पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में न कोई एफआईआर की गई है और न ही कोई शिकायत। लेकिन इस घटना के बाद सारंगढ़ में कांग्रेस की गुंडागर्दी को लेकर खूब छीछालेदर हो रही है।

आबकारी विभाग की छापामार कायवाही

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निवाचन अधिकारी रायगढ़ यशवंत कुमार ने लोकसभा निवाचन के दौरान आबकारी विभाग को सावजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध कडी कायवाही करने निदेशित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली सिंह मारकण्डे एवं रमेश कुमार अग्रवाल को सतत् मॉनीटरिंग करने कहा है।

डॉ. राकेश राठौर आबकारी उप निरीक्षक ने रायगढ़ के विभिन्न 10 अडडो पर सघन छापामार कायवाही कर ट्रांसपोट नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास शैलेश कुमार सिंह पिता सुरेश सिंह, भजन डीपा के सुदामा चैहान पिता सीताराम, केवडाबाडी बस स्टैण्ड के प्रदीप कुमार जयसावल पिता जगदीश प्रसाद, गंधरी पूलिया के पास (बड़पारा) राकेश लहरे पिता मोतीराम, संजय माकेट में बन्टी कन्द पिता गंगा कन्द, रियापारा के इमरान कुरैसी पिता इब्राहिम कुरैसी को आबकारी धाराओं के तहत् गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। रमेश सिंह सिदार आबकारी उप निरीक्षक ने ग्राम महापल्ली के अजुन मिधा पिता बघरी, ढिमरापुर रायगढ़ में कौशल टण्डन पिता लूला टण्डन, जामगांव के मोहम्मद इरफान पिता इरशाद और श्यामदास महंत पिता आसनदास, कांसीचुवा के मंगलू साहू पिता गणेश राम और मछिन्दर राठिया पिता सुरितराम, खैरपुर के सुरेश महतो पिता रामदास महतो को सावजनिक स्थानों पर शराब पीते पाये जाने पर गिरफ्तार किया।

सी.एस. नेताम आबकारी उप निरीक्षक ने सारंगढ़ में राजापारा के रामा चैधरी पिता कुमीचन्द, झरियापारा स्कूल के पास सोनू और उसके भाई भैयालाल पिता करमू सतनामी, सुनील पिता महारथी और गजानंद पिता प्रेमलाल, भोजपुर बस स्टैण्ड के पास मनोहर पिता रामलाल, भारतभूषन पिता जी.डी. अजगल्ले, डीपरापारा के इरफान बैग पिता फरीद को आबकारी धाराओं के तहत् गिरफ्तार कर प्रकरण कायम किया।

आशिष उप्पल, आबकारी उप निरीक्षक ने धरमजयगढ़ के लक्ष्मीपुर के निरस्तोर एक्का पिता सिलबेस्तर और अनुज एक्का पिता मिखाय, गेरसा के गुरवार सिंह पिता गरहन साय और बरतापाली के गोपाल पिता कातिकराम, आमापाली में 3 आरोपियों घासीराम पिता परसराम, जयकुमार पिता जेठूराम और

25 एकड़ के नर्सरी में फैली बांस के पेड़ों में लगी भीषण आग, मंत्री उमेश पटेल स्वयं लगे आग बुझाने

रायगढ़। खरसिया विधानसभा के ग्राम पंझर स्थित लगभग 25 एकड़ में फैले नर्सरी के बांस में आज भीषण आग लग गई। मामले की जानकारी जैसे ही स्थानीय विधायक को हुई, ततकाल ग्राम पंझर पहुँच स्वयं आग बुझाने लग गए। वही खबर लिखे जाने तक मौके पर लगभग 6 दमकल आग बुझाने में लगे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 25 एकड़ में फैले बांस के साथ साथ लगभग 4 मकान और जीव जंतुओं को भारी नुकसान हुआ है। फ़िलहाल मौके पर फायर बिग्रेड व वन अमला के अधिकारी मौके पर मौजूद, आग बुझाने में प्रयासरत हैं व नुकसान का आंकलन करने में लगे हुए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480